SHYAMLAL SARASWATI MAHAVIDYALAYA (P.G)
(Affiliated to C.C.S. University, Meerut)
Rajju Bhaiya Saraswati Vihar, Shikarpur, Bulandshahr (U.P.) Pin Code- 203395

# IQAC
## (INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL)
## SESSION 2020-21

hone No.:05732-296521, 9258321276 Website : www.ssmvcllg.com E-mail: info@ssmvcllg.com

## SHYAMLAL SARASWATI MAHAVIDYALAYA, SHIKARPUR(BULANDSHAHR)

## COMPOSITION OF INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC)

Mail id- iqac@ssmvcllg.com

Phone number- 9258321276

Subject – composition of IQAC committee of session 2020-21

The National Assessment and Accreditation Council(NAAC) advocates the establishment of INTERNAL QUALITY ASSURENCE CELL(IQAC) by the institution imparting higher education for speedy, efficient, smooth functions.

IQAC CONTRIBUTIONS -;

- Development and application of quality parameters for the various academic and administrative activities of institute.
- To determine or estimate the significance, quality or value of assessment.
- Preparation of the Annual Quality Assurance Report (AQAR) for onward submission to NAAC based on the quality parameters.
- Motivation to faculty and non teaching staff.
- Advanced and slow learners.
- Inclusivity with diversity.
-

As per the guidelines of NAAC composition of INTERNAL QUALITY ASSURANCE COMMITTEE OF SESSION 2020-21 is as follows;

| S.N | DESIGNATION | NAME | SIGNATURE |
|---|---|---|---|
| 1. | CHAIRPERSON: HEAD OF THE INSTITUTION | DR. A. K. SHARMA | |
| 2. | COORDINATOR | MRS. KAVITA RANI | Rani |
| 3. | CO-COORDINATOR | MR. PIYUSH MOHAN | Piyush |
| 4. | MEMBER | DR. KUSHMENDRA SINGH | |
| 5. | MEMBER | DR. RAJKUMAR SINGH | |
| 6. | MEMBER | MISS RESHU BHARDWAJ | |
| 7. | MEMBER | MR. PRADEEP SHARMA | |
| 8. | MEMBER | MR. SAMBHAV SINGHAL | Sambhav |
| 9. | MANAGER | DR. PRAMOD KUMAR MITTAL | |
| 10. | EDUCATIONIST | DR. RUP NARAYAN | Rnarayan |
| 11. | SOCIALIST | MR. GANGA RAM JI(RSS) | |
| 12. | STUDENT | MISS ASHI SAXENA(M.ED.) | |
| 13. | ALUMNI | MR. MOHIT SHARMA(BCA) | Mohit |
| 14. | O.S. | MR. GUNESH KUMAR | |

श्यामलाल सरस्वती शिकारपुर बुलन्दशहर

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

# श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर

2020—21

## ''बैठक सूचना''

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक कल दिनांक 02.11.2020 को अपराहन 01:30 बजे प्राचार्य कक्ष में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डा :

1. विभागीय सेमिनार एवं आन्तरिक परिक्षाओं पर चर्चा।
2. भाषा कार्याशाला।
3. वार्षिक एवं सेमेस्टर कक्षाओं में पाठ्यक्रम की स्थिति।
4. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से।

**बैठक कार्यवाही**

आज दिनांक 02.11.2020 को प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक प्राचार्य कक्ष में हुई। इस बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने आन्तरिक परीक्षाओं से सम्बन्धित अपने विभाग की स्थिति अवगत कराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के आदेशानुसार आन्तरिक परीक्षाएं तो कराते ही है इसके अलावा महाविद्यालय स्तर पर प्रत्येक शिक्षक जिस विषय कोड को पढ़ा रहा है वह भी 2 यूनिट की समाप्ति पर आन्तरिक परीक्षा कराकर विद्यार्थियों की यथा स्थिति से पहले विभागाध्यक्ष को उसके उपरान्त विभागाध्यक्ष सभी शिक्षकों के द्वारा किये आन्तरिक मूल्यांकन का चार्ट बनाकर महाविद्यालय के प्राचार्य को अवगत कराते है। इस पर IQAC सदस्य डॉ0 भीम सिंह जी ने बोलने की अनुमति चाही जिसे प्राचार्य महोदय ने स्वीकार कर लिया। तब डॉ0 भीम सिंह जी ने कहा कि महाविद्यालय के सभी विभाग में सभी शिक्षक वेहद लगन से एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार विधिवत् तरीके से अध्ययन, अध्यापन करा रहें हैं। इसके अलावा प्रयोगात्मक कार्यों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। और अपने स्तर पर शिक्षक विद्यार्थियों का आन्तरिक मूल्यांकन महाविद्यालय स्तर पर आन्तरिक परीक्षा, औपचारिक चर्चा एवं जो प्रयोगात्मक कार्य कराते है उसका भी महाविद्यालय स्तर पर मूल्यांकन करते हैं तथा इन्हीं मूल्यांकन के आधार पर प्रयोगात्मक परीक्षकों में विद्यार्थियों की यथा स्थिति से भी अवगत कराते हैं ताकि किसी भी छात्र छात्रा का शैक्षणिक स्तर पर अहित न होने पायें।

इसके बाद IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने एम0एड0 विभाग में विभागीय सेमीनार की जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय सेमीनार मेरे ही निर्देशन में 25 से 28 नवम्बर तक महाविद्यालय के सेमीनार रूम में किया जाना निश्चित किया गया है। तद्पश्चात् IQAC प्रभारी ने वर्कशॉप की जानकारी देते हुए कहा कि ये हिन्दी वर्कशाप दिनांक 17 से 23 दिसम्बर श्री गजेन्द्र पाल सिंह जी के निर्देशन में एवं इंग्लिश वर्कशाप डॉ सन्दीप कुमार जी के निर्देशन में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उसके उपरान्त IQAC प्रभारी ने वार्षिक एवं सेमेस्टर कक्षाओं में पाठ्यक्रम की स्थिति पर चर्चा के दौरान बताया कि मैंने स्वयं ही सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की है उसी बैठक से मुझे जानकारी मिली है कि वार्षिक कक्षाओं का पाठ्यक्रम अभी 50 से 60 प्रतिशत तक ही हो पाया है। जब कि सेमेस्टर कक्षाओं का पाठ्यक्रम 80 प्रतिशत तक पूर्ण कर अधिकतर कक्षाओं में समाप्ति की ओर है।

इसके बाद अन्य कोई विषय ना होने के कारण बैठक समाप्ति की धोषणा की गई एवं वन्दे वातरम् के साथ बैठक का समापन किया गया।

1. श्रीमति कविता रानी, प्रभारी (IQAC)
2. श्री पीयूष मोहन
3. डा0 राज कुमार सिंह
4. डॉ. कुष्मेन्द्र सिंह
5. रेशु भारद्वाज
6. संभव सिंघल
7. श्री प्रदीप शर्मा
8. डा0 प्रमोद कुमार मित्तल (प्रबन्धक)
9. श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
10. श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
11. श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा
प्राचार्य

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavidyalaya
Shikarpur (Bulandshahr)

# श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर

## ''बैठक सूचना''

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक दिनांक 04.02.2021 को अपराहन 02:30 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में सेमीनार कक्ष में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डा :

1. वार्षिक परीक्षाओं पर परिचर्चा।
2. स्काउट गाइड कैम्प पर चर्चा।
3. एकेडमिक कैलेन्डर की समीक्षा।
4. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से।

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 04.02.2021 को आन्तरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में प्रारम्भ हुई। इस बैठक में IQAC सदस्यों सहित उद्योगपति श्री अनुराग गोयल जी एवं वरिष्ठ समाजसेवी अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मितत्तल उपस्थित रहें। बैठक में सर्वप्रथम IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने वार्षिक परीक्षाओं के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये और कहा कि University exam 3 shift में होते हैं तो exam duty के time सभी teachers university के द्वारा दी गयी guidelines का ध्यान रखें। university exams के पहले CCTV check किये जायें ताकि वो सुचारू रूप से काम करें। इसके बाद भारत स्काउट गाइड शिविर की बात करते हुए श्रीमति कविता चौधरी ने कहा कि स्काउट गाइड शिविर 5 से 9 अप्रैल 2021 को महाविद्यालय प्रांगण में श्री प्रतीक कुमार एवं श्री जी0पी0 सिंह के निर्देशन में लगाया जायेगा इसके इन तिथियों में स्काउट गाइड प्रशिक्षक के आने की अनुमति ली जा चुकी हैं इसके उपरान्त एकेडमिक कैलेन्डर की समीक्षा की गई इस पर प्राचार्य डा0 ए0के0 शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैंने शिक्षकों की बैठक में सभी को आदेशित किया है हर हाल में जो कार्य एकेडमिक कैलेन्डर में दर्शायें गये हैं उन्हें पहले प्राथमिकता देकर पूर्ण किया जाये।

अन्य विषय में डा0 कुलदीप सिंह जी ने R.O. Plant की servicing की बात की तो प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल जी ने R.O. Plant की servicing का आश्वासन दिया।

इसके अलावा महाविद्यालय प्रांगण में सभी plants पर उनकी haming and numbering कराने के लिए डा0 भीम सिंह जी ने अपनी बात रखी। और कोई विषय ना होने पर वन्दे मातरम् के बाद मीटिंग का समापन हुआ।

1. श्रीमति कविता रानी, प्रभारी (IQAC)
2. श्री पीयूष मोहन
3. डा0 राज कुमार सिंह
4. डॉ. कुष्मेन्द्र सिंह
5. रेशु भारद्वाज
6. संभव सिंघल
7. श्री प्रदीप शर्मा
8. डा0 प्रमोद कुमार मित्तल (प्रबन्धक)
9. श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
10. श्री अशोक कुमार मित्तल (समाज सेवी)
11. श्री गुनेश कुमार

डा0 ए0के0 शर्मा
प्राचार्य

Principal
Shyamlal Saraswati Mahavid...
Shikarpur (Bulandsh...

# श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर

2020—21

## ''बैठक सूचना''

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक कल दिनांक 03.08.2020 को अपराहन 01:30 बजे प्राचार्य कक्ष में होना सुनिश्चित की गई है।

अतः आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समस्त सदस्य उक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

बैठक का एजेण्डा :

1. राष्ट्रीय सेवा योजना पर चर्चा।
2. सत्र 2020—21 के एकेडमिक कैलेन्डर तैयार करने पर चर्चा।
3. महाविद्यालय के गत वर्ष के IQAC द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा।
4. अन्य विषय प्राचार्य की अनुमति से।

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 03.08.2020 को IQAC सदस्यों की बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में की गई उक्त बैठक में IQAC के उपस्थित सदस्यों की सहमति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

1. राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा0 राज कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया इस पर प्राचार्य महोदय ने महाविद्यालय परिसर में बरसात के कारण जगह–जगह झाड़ियां उग आयी हैं जिसमें गाजर घास प्रमुख हैं जो कि बहुत ही नुकसान दायक हैं इसके महाविद्यालय परिसर पूरी तरह साफ करके स्वच्छ बनाया जायें। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना 1 दिवसीय कैम्प लगाकर महाविद्यालय को स्वच्छ बनाया जाये तथा कम से कम हर महीने 2 एक दिवसीय कैम्प महाविद्यालय में लगाए जाएं तथा मुख्य 7 दिवसीय शिविर किसी गांव में लगाये जाने के लिए अभी से गांव के बारे में जानकारी लेना शुरू कर दें ताकि शिविर के लिए गांव के बारे में निर्णय लेकर हम विश्वविद्यालय को सूचना दे सकें तथा निर्णय नवम्बर तक अवश्य ले लें क्योंकि शिविर 7 दिवसीय शिविर दिसम्बर या जनवरी माह में प्रस्तावित हैं इस पर एन0एस0एस0 प्रभारी डा0 राज कुमार सिंह ने कहा कि एक दिवसीय कैम्प लगाने की विधिवत् तैयारी की जा रही है। तथा जो विद्यार्थी एक दिवसीय शिविर में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हीं का नाम मुख्य शिविर में भेजा जायेगा। इस पर IQAC के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की।
2. इस बैठक में IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा एकेडमिक कैलेन्डर तैयार करने पर विचार किया गया। इस पर प्राचार्य महोदय ने कहा कि एकेडमिक कैलेन्डर विधिवत् विश्वविद्यालय के गाइडलाइन्स के अनुसार ही तैयार किया जाये इस में किसी तरह की कोई कमी न रहने पायें। क्योंकि पूरे सत्र इसी एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार पठन पाठन चलेगा।
3. इसके उपरान्त गत वर्ष सत्र 2019–20 में IQAC कार्यों की समीक्षा की गई इस पर उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार जी ने कहा गत वर्ष IQAC का कार्य सन्तोषजनक रहा है। क्योंकि इससे पहले हम जो करना चाहते है कोरोना महामारी के कारण वो नहीं कर पायें। लेकिन अब परिस्थितयों में सुधार आ रहा है तथा अब IQAC को और अधिक प्रभावशाली हो ना पड़ेगा। इसके लिए सभी सदस्यों का सहयोग एवं जानकारी आवश्यक है।
4. अन्य विषय पर IQAC प्रभारी श्रीमति कविता चौधरी ने महाविद्यालय में अनुशासन का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि अभी भी महाविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थी बिना परिचय पत्र के आ रहे हैं तथा उन्हीं के साथ कुछ बाहरी शरारती तत्व भी आ रहे हैं। जिससे महाविद्यालय का वातावरण दूषित होता है इस पर महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ए0के0 शर्मा ने तुरन्त चीफ प्रोक्टर श्री वृजपाल सिंह को बैठक में बुलाया और इस मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी तथा उन्हें इस पर विशेष नियम बनाने को कहा और बताया कि अब 1 सप्ताह के अन्दर सभी छात्र छात्राओं के परिचय पत्र बन जाने चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में बिना परिचय पत्र एवं यूनिफार्म के प्रवेश वर्जित रहेगा।

इसके उपरान्त अन्य कोई विषय न होने के कारण बैठक का समापन वन्देमातरम् से किया गया।

- श्रीमति कविता रानी, प्रभारी (IQAC)
- श्री पीयूष मोहन
- डा० राज कुमार सिंह
- डॉ. कुष्मेन्द्र सिंह
- रेशु भारद्वाज
- संभव सिंघल
- श्री प्रदीप शर्मा
- डा० प्रमोद कुमार मित्तल (प्रबन्धक)
- श्री अनुराग गोयल (उद्योगपति)
- श्री गुनेश कुमार

डा० ए०के० शर्मा
प्राचार्य

Principal
Shyamlal Saraswati Mahav
Shikarpur (Bulandsha